शिक्षा मंत्री को सौंपा गया वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का सर्टिफिकेट

चर्चा में क्यों?

2 मार्च, 2023 को जयपुर के शिक्षा संकुल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के इंडिया चैप्टर में राजस्थान के वाइस प्रेसीडेंट प्रथम भल्ला ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का प्रमाण-पत्र सुपर्द किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन की ओर से राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा गत वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवंबर, 2022) पर 'नो बैग डे' के तहत 'चैस इन स्कूल एक्टिविटी' के नवाचार में 38 लाख 21 हज़ार 9 विद्यार्थियों की भागीदारी को सर्टिफाइड किया गया था।
- शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला के नाम संदेश में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के इंडिया चैप्टर द्वारा बताया गया है कि शिक्षा विभाग के इस इनीसिएटिव को उनके द्वारा अपने रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इसके तहत प्रदेश के सभी 33 ज़िलों में 57 हज़ार 462 स्कूलों में गत नवंबर माह के तीसरे शनिवार को 'नो बैग डे' का आयोजन किया गया।
- इस अवसर पर पूरे प्रदेश में 38 लाख 21 हज़ार 9 विद्यार्थियों ने दिमागी कसरत का खेल (शतरंज) खेला। एक ही दिन में एक साथ 38 लाख 21 हज़ार 9 विद्यार्थियों की शतरंज में भागीदारी ने राजस्थान के शिक्षा विभाग का नाम विश्व पटल पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा दिया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का दुनियां के सभी महाद्वीपों में ग्लोबल नेटवर्क है। इसके द्वारा विभिन्न विधाओं में वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के माध्यम से प्रतिभा और क्षमता का आकलन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है।
- कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में विभाग की टीम पूरी स्पिरिट के साथ शैक्षणिक स्तर में प्रगति एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य कर रही है। इसी की बदौलत विभाग ने 'चैस इन स्कूल एक्टिविटी' सहित पाँच विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं।
- इस अवसर पर स्कूल शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने के लिये शतरंज एसोसिएशन की ओर से उपलब्ध कराई गई अंग्रेजी एवं हिन्दी की चैस बुक्स को भी स्कूलों में भिजवाया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/certificate-of-world-book-of-records-handed-over-to-education-minister